Test Booklet No.
परीक्षण पुस्तिका सं.

# Subject : ACCOUNTANCY
# Code : 301 EH
# Medium : English and Hindi

**(Do not open this Test Booklet until you are asked to do so)**

**(इस परीक्षण पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए)**

Test Booklet Code
परीक्षण पुस्तिका कोड

**A**

| Time Allowed : 60 minutes<br>निर्धारित समय : 60 मिनट | Maximum Marks : 200<br>अधिकतम अंक : 200 | Total Questions : 50<br>कुल प्रश्न : 50 | Number of questions to be answered : 40<br>उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों की संख्या : 40 |
|---|---|---|---|

**Kindly read the Instructions given on this Page and Back Page carefully before attempting this Question Paper.**

**कृपया इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले इस पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े।**

***Important Instructions for the Candidates :***

1. This Test Booklet contains **50** questions printed in English and Hindi. Out of these, the candidate is required to answer any **40** questions. If a candidate answers more than 40 questions, the first 40 answered questions will be considered for evaluation.
2. When you are given the OMR Answer Sheet, fill in your particulars on it carefully with **blue/black** ball point pen only.
3. Use only Blue/Black Ball Point Pen for marking responses.
4. The CODE for this Test Booklet is **A**. Make sure that the CODE printed on the OMR Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are exactly the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes from the start of the examination.
5. Before attempting the question paper kindly check that this Test Booklet has total **28** pages and OMR Answer Sheet consists of one sheet. At the start of the examination within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of Test Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and they are not damaged in any manner.
6. Each question has four answer options. Out of these four options choose the **MOST APPROPRIATE OPTION** and darken/blacken the corresponding circle on the OMR Answer Sheet with a Blue/Black Ball Point Pen.
7. Five (5) marks will be given for each correct answer. One (1) mark will be deducted for each incorrect answer. If more than one circle is found darkened/blackened for a question, then it will be considered as an incorrect answer. Unanswered questions will be given no mark.

P.T.O.

***परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. इस परीक्षण पुस्तिका में **50** प्रश्न अंग्रेज़ी और हिन्दी में मुद्रित हैं। परीक्षार्थी को इनमें से किन्हीं **40** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो पहले 40 उत्तरित प्रश्न मूल्यांकन हेतु विचार किए जाएँगे।
2. जब आपको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दिया जाता है तो उस पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से अपने विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
3. उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका का **कोड A** है। यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित **कोड** बिलकुल वही है, जो इस परीक्षण पुस्तिका पर मुद्रित कोड है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षण पुस्तिका संख्या बिलकुल वही है, जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक संख्या है। यदि ये अलग-अलग हैं, तो परीक्षार्थी तुरंत इसकी जानकारी निरीक्षक को दे कर उनसे परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों बदल कर ले लें। परीक्षा शुरू हो कर पाँच मिनट बीत जाने के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रश्न-पत्र को हल करना शुरू करने से पहले यह जाँच लें कि इस परीक्षण पुस्तिका में कुल **28** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में एक ही पत्रक है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है, कि परीक्षा शुरू होने पर, पहले पाँच मिनटों के अन्दर, यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पृष्ठ और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक ठीक से मुद्रित हैं और वे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न में चार उत्तर विकल्प हैं। इन चारों विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त विकल्प** को चुनें और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उससे संगत वृत्त को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा/काला करके भरें।
7. प्रत्येक सही उत्तर के लिए पाँच (5) अंक दिए जाएँगे। प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा। यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त गहरे/काले पाए जाते हैं, तो उसे ग़लत उत्तर माना जाएगा। अनुत्तरित प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

कृ.पृ.प.

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Application Number (in figures) : ______________________________
आवेदन संख्या (अंकों में) :

Roll Number (in figures) : ______________________________
अनुक्रमांक (अंकों में) :

Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ______________________________
केन्द्र अधीक्षक की हस्ताक्षर मोहर :

**1.** Match **List-I** with **List-II**.

| **List-I (Name of account to be debited or credited, when shares are forfeited)** | **List-II (Amount to be debited or credited)** |
|---|---|
| (A) Share Capital Account | (I) Debited with amount not received |
| (B) Share Forfeited Account | (II) Credited with amount not received |
| (C) Calls-in-arrears Account | (III) Credited with amount received towards share capital |
| (D) Securities Premium Account | (IV) Debited with amount called up |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**2.** 400 shares of ₹ 50 each issued at par were forfeited for non-payment of final call of ₹ 10 per share. These shares were reissued at ₹ 45 per share as fully paid-up. The amount transferred to capital reserve is :

(1) ₹ 15,000 (2) ₹ 14,000

(3) ₹ 16,000 (4) ₹ 13,000

**3.** When debentures are issued at premium and redeemed at premium, the journal entry will have the following combination :

(A) Discount on issue of debentures account is credited

(B) Loss on issue of debentures account is debited

(C) Security premium account is credited

(D) Premium on redemption of debentures account is credited

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (D) only (2) (A), (B) and (C) only

(3) (A), (B), (C) and (D) (4) (B), (C) and (D) only

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

1. **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए।

| **सूची-I (उस खाते का नाम जिसे नामे या जमा किया जाना है, जब अंश हरण किए जाते हैं)** | **सूची-II (नामे या जमा की जाने वाली राशि)** |
|---|---|
| (A) अंश पूँजी खाता | (I) प्राप्त नहीं की गई राशि के साथ नामे |
| (B) अंश हरण खाता | (II) प्राप्त नहीं की गई राशि के साथ जमा |
| (C) बकाया माँग खाता | (III) अंश पूँजी के लिए प्राप्त की गई राशि के साथ जमा |
| (D) प्रतिभूति प्रीमियम खाता | (IV) याचित राशि के साथ नामे |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

2. ₹ 50 प्रत्येक के सममूल्य पर निर्गमित 400 अंशों का ₹ 10 प्रति अंश की अंतिम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया गया। इन अंशों को ₹ 45 प्रति अंश पूरी तरह से भुगतान में (पूर्ण प्रदत्त) पुनःनिर्गमित किया गया है। पूँजी आरक्षित में हस्तांतरित राशि है :

(1) ₹ 15,000 (2) ₹ 14,000

(3) ₹ 16,000 (4) ₹ 13,000

3. जब ऋणपत्र अधिमूल्य पर निर्गमित किए जाते हैं और अधिमूल्य पर विमोचित किए जाते हैं, तो रोज़नामचा प्रविष्टि में निम्नलिखित संयोजन होगा :

(A) ऋणपत्र निर्गमन पर बट्टा खाता जमा

(B) ऋणपत्र निर्गमन पर हानि खाता नामे

(C) प्रतिभूति प्रीमियम खाता जमा

(D) ऋणपत्र मोचन पर प्रीमियम खाता जमा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (D) (2) केवल (A), (B) और (C)

(3) (A), (B), (C) और (D) (4) केवल (B), (C) और (D)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**4.** Arrange the following in the correct sequence in the context of debenture.

(A) Payment to debenture-holders

(B) Creation of DRR

(C) Issue of debentures

(D) Redemption becomes due

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B), (C), (D)
(2) (A), (C), (B), (D)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (C), (B), (D), (A)

**5.** If a delay occurs beyond 8 days in refunding the subscription amount, failing to gather the minimum subscription, from the date of closure of the subscription list, the company shall be liable for interest at the rate of :

(1) 15%
(2) 12%
(3) 6%
(4) Prevailing in State Bank of India

**6.** A company can accept calls in advance, if authorised by :

(1) Shareholders
(2) Board of Directors
(3) Articles of Association
(4) Memorandum of Association

**7.** A, B and C are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. C died on 1$^{st}$ July, 2023. On this date, final accounts were prepared to ascertain profits for the period. It resulted in a profit of ₹ 1,75,000 to the firm. To give effect to the above :

(1) Profit and Loss Account will be debited.

(2) Profit and Loss Appropriation Account will be debited.

(3) Profit and Loss Account will be credited.

(4) Profit and Loss Appropriation Account will be credited.

**8.** On the date of admission of a partner there was a balance of ₹ 45,000 in the account of machinery. It was found undervalued by 10%. The value of machinery will appear in the new Balance Sheet at :

(1) ₹ 49,500
(2) ₹ 50,000
(3) ₹ 40,000
(4) ₹ 40,500

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**4.** ऋणपत्र के संदर्भ में निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित करें।

(A) ऋणपत्र-धारकों को भुगतान

(B) डी.आर.आर. का सृजन

(C) ऋणपत्र निर्गमन करना

(D) मोचन देय हो जाता है

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A), (B), (C), (D) (2) (A), (C), (B), (D)

(3) (B), (A), (D), (C) (4) (C), (B), (D), (A)

**5.** यदि न्यूनतम अभिदत्त एकत्र करने में विफल रहने पर अभिदत्त सूची के बंद होने की तारीख से अभिदत्त राशि को वापस करने में 8 दिनों से अधिक की देरी होती है, तो कंपनी इस ब्याज दर पर भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगी :

(1) 15 प्रतिशत (2) 12 प्रतिशत

(3) 6 प्रतिशत (4) भारतीय स्टेट बैंक में प्रचलित

**6.** एक कंपनी अग्रिम याचना स्वीकार कर सकती है, यदि ____________ द्वारा अधिकृत है।

(1) अंशधारक (2) निदेशक मंडल

(3) कम्पनी अन्तर्नियम (4) कम्पनी सीमा पार्षद नियम

**7.** A, B और C, 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करने वाले साझेदार हैं। 1 जुलाई, 2023 को C की मृत्यु हुई। इस तारीख को उस अवधि के लिए लाभ निर्धारण करने के लिए अंतिम खाते तैयार किए गए थे। इसके परिणामस्वरूप फर्म को ₹ 1,75,000 का लाभ हुआ। उपर्युक्त को प्रभावी करने के लिए :

(1) लाभ और हानि खाते को नामे किया जाएगा।

(2) लाभ और हानि विनियोजन खाते को नामे किया जाएगा।

(3) लाभ और हानि खाते को जमा किया जाएगा।

(4) लाभ और हानि विनियोजन खाते को जमा किया जाएगा।

**8.** एक साझेदार के प्रवेश की तिथि पर मशीनरी खाते में ₹ 45,000 का शेष था। इसका मूल्य 10 प्रतिशत से अवमूल्यांकित पाया गया। नई तुलन-पत्र में मशीनरी का मूल्य दर्शाया जाएगा :

(1) ₹ 49,500 (2) ₹ 50,000

(3) ₹ 40,000 (4) ₹ 40,500

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**9.** Dividend received is

(1) Operating activity

(2) Financing activity

(3) Investing activity

(4) Cash and cash equivalents

**10.** A partnership can have maximum 50 partners. This limit has been set by the :

(1) Indian Partnership Act, 1932

(2) State Government

(3) Indian Contract Act, 1872

(4) Central Government

**11.** Which of the following is an example of sequential code ?

(1) Using Code "CL001" for "Accounts of XYZ Ltd".

(2) Using Code "100-199" for "Dealers of Small Pumps".

(3) Using Code "SJ" for "Sales Journals".

(4) Using Code "HQ" for "Headquarters".

**12.** If there is no claim against Workmen Compensation Reserve, it is __________________ at the time of admission of a partner.

Fill in the blank with the correct answer from the options given below.

(1) debited to old partners' capital account.

(2) credited to all partners' capital accounts.

(3) credited to old partners' capital accounts.

(4) debited to all partners' capital accounts.

**13.** A, B and C are partners sharing profits in the ratio of 3 : 3 : 4. They decide to share the future profits equally. The sacrifice or gain of partners are :

(1) A gains 1/30; B gains 1/30; C sacrifices 2/30

(2) A gains 2/30; B gains 1/30; C sacrifices 3/30

(3) A sacrifices 1/30; B gains 3/30; C sacrifices 2/30

(4) A gains 2/30; B gains 3/30; C sacrifices 5/30

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**9.** प्राप्त लाभांश है

(1) प्रचालन क्रियाकलाप

(2) वित्तीय क्रियाकलाप

(3) निवेश क्रियाकलाप

(4) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्यांक

**10.** एक साझेदारी में अधिकतम 50 साझेदार हो सकते हैं। यह सीमा निर्धारित की गई है :

(1) भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 द्वारा

(2) राज्य सरकार द्वारा

(3) भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 द्वारा

(4) केंद्र सरकार द्वारा

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रमिक कोड का एक उदाहरण है ?

(1) "XYZ Ltd के खातों" के लिए कोड "CL001" का उपयोग करना।

(2) "छोटे पंपों के विक्रेता" के लिए कोड "100-199" का उपयोग करना।

(3) "सेल्स जर्नल्स" के लिए कोड "SJ" का उपयोग करना।

(4) "मुख्यालय" के लिए कोड "HQ" का उपयोग करना।

**12.** यदि कर्मचारी क्षतिपूर्ति आरक्षित के विरुद्ध कोई दावा नहीं है, तो यह साझेदार के प्रवेश के समय ____________________ होता है। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान भरें।

(1) पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में नामे

(2) सभी साझेदारों के पूँजी खातों में जमा

(3) पुराने साझेदारों के पूँजी खातों में जमा

(4) सभी साझेदारों के पूँजी खातों में नामे

**13.** A, B और C, 3 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ विभाजन करने वाले साझेदार हैं। वे भविष्य के लाभ को समान रूप से विभाजन करने का निर्णय लेते हैं। साझेदारों का त्याग अथवा अधिलाभ इस प्रकार है :

(1) A अधिलाभ 1/30; B अधिलाभ 1/30; C त्याग 2/30

(2) A अधिलाभ 2/30; B अधिलाभ 1/30; C त्याग 3/30

(3) A त्याग 1/30; B अधिलाभ 3/30; C त्याग 2/30

(4) A अधिलाभ 2/30; B अधिलाभ 3/30; C त्याग 5/30

**14.** Match **List-I** with **List-II**.

| **List-I** (Equal amount of drawings made) | **List-II** (Number of month for which interest calculated) |
|---|---|
| (A) At the end of each half year | (I) 4.5 months |
| (B) At the beginning of each quarter | (II) 6.5 months |
| (C) At the beginning of each month | (III) 7.5 months |
| (D) At the end of each quarter | (IV) 3 months |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (I), (D) - (III)

(4) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

**15.** Kavita and Lalita are partners, sharing profits in the ratio of 2 : 1. They decide to admit Mohan for $1/4^{th}$ share in future profits with a guaranteed amount of ₹ 25,000. Both Kavita and Lalita undertake to meet the liability arising due to the guaranteed amount to Mohan in their respective profit sharing ratio. The firm earned profits of ₹ 76,000 for the year 2022–23. The deficiency borne by Kavita is :

(1) ₹ 4,000 (2) ₹ 2,000 (3) ₹ 6,000 (4) ₹ 4,500

**16.** Anshu and Nitu are partners, sharing profits in the ratio of 3 : 2. They admitted Jyoti as a new partner for 3/10 share which she acquired 2/10 from Anshu and 1/10 from Nitu. Calculate the new profit sharing ratio of Anshu, Nitu and Jyoti.

(1) 4 : 3 : 3 (2) 3 : 4 : 3 (3) 3 : 3 : 4 (4) 3 : 2 : 1

**17.** The journal entry for treatment of goodwill, when a new partner brings his share of goodwill in cash and one of the old partners gains, involves the following :

(A) Gaining Partner's Capital Account is debited

(B) Premium for Goodwill Account is debited

(C) Sacrificing Partner's Capital Account is credited

(D) Gaining Partner's Capital Account is credited

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (D) only (2) (A), (B) and (C) only

(3) (A), (B), (C) and (D) (4) (B), (C) and (D) only

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**14.** **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए।

| **सूची-I (समान आहरण की गयी राशि)** | **सूची-II (उन महीनों की संख्या जिसके लिए ब्याज की गणना की गई है)** |
|---|---|
| (A) प्रत्येक छमाही के अंत में | (I) 4.5 महीने |
| (B) प्रत्येक तिमाही की शुरुआत में | (II) 6.5 महीने |
| (C) प्रत्येक महीने की शुरुआत में | (III) 7.5 महीने |
| (D) प्रत्येक तिमाही के अंत में | (IV) 3 महीने |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
(3) (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (I), (D) - (III)
(4) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

**15.** कविता और ललिता 2 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करने वाले साझेदार हैं। वे मोहन को भविष्य के लाभ में एक-चौथाई हिस्से के लिए ₹ 25,000 की गारंटीकृत राशि के साथ शामिल करने का फैसला करते हैं। कविता और ललिता दोनों अपने लाभ विभाजन अनुपात में मोहन को गारंटीकृत राशि के कारण उत्पन्न होने वाली देयता को पूरा करने का वचन देते हैं। फर्म ने वर्ष 2022-23 के लिए ₹ 76,000 का लाभ कमाया। कविता द्वारा वहन की गई कमी है :

(1) ₹ 4,000 (2) ₹ 2,000 (3) ₹ 6,000 (4) ₹ 4,500

**16.** अंशु और नीतू 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करने वाले साझेदार हैं। उन्होंने ज्योति को 3/10 शेयर के लिए एक नए साझीदार के रूप में स्वीकार किया, जिसे उसने अंशु से 2/10 और नीतू से 1/10 प्राप्त किया। अंशु, नीतू और ज्योति के नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

(1) 4 : 3 : 3 (2) 3 : 4 : 3 (3) 3 : 3 : 4 (4) 3 : 2 : 1

**17.** जब एक नया साझेदार अपनी ख्याति का भाग रोकड़ के रूप में लाता है तथा पुराने साझेदारों में से एक को अधिलाभ होता है, तो ख्याति व्यवहार हेतु रोज़नामचा प्रविष्टि में निम्नलिखित को शामिल करते हैं :

(A) अधिलाभी साझेदार के पूँजी खाते को नामे किया जाता है
(B) ख्याति प्रीमियम खाता नामे किया जाता है
(C) त्याग करने वाले साझेदार के पूँजी खाते को जमा किया जाता है
(D) अधिलाभी साझेदार के पूँजी खाते को जमा किया जाता है

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (D) (2) केवल (A), (B) और (C)
(3) (A), (B), (C) और (D) (4) केवल (B), (C) और (D)

**18.** While preparing Cash Flow Statement, purchase of goodwill is treated as :

(1) Operating activity
(2) Financing activity
(3) Investing activity
(4) Exraordinary item

**19.** The components of Computerised Accounting System are :

(1) Data, Report, Ledger, Hardware, Software
(2) Data, People, Procedure, Hardware, Software
(3) People, Procedure, Ledger, Data, Chart of Accounts
(4) Data, Coding, Procedure, Rules, Output

**20.** The Sales and Accounts Receivable Subsystem deals with :

(1) the recording of Sales, maintaining of Sales Ledger and Receivables
(2) the preparation of Budget for the coming financial year
(3) the preparation of Profit and Loss Account, Balance Sheet and Cash Flow Statement
(4) the purchase and payment to creditors

**21.** The common fields used in a relationship between tables are called :

(1) Joint fields
(2) Main fields
(3) Table fields
(4) Key fields

**22.** On dissolution of a firm, bank overdraft is transferred to :

(1) Bank Account
(2) Realisation Account
(3) Partners' Capital Account
(4) Partners' Loan Account

**23.** Arrange the following steps in the correct sequence of the life of a company :

(A) Commencement of Business
(B) Incorporation
(C) Promotion
(D) Floatation

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B), (C), (D)
(2) (A), (C), (B), (D)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (C), (B), (D), (A)

---

**18.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय, ख्याति के क्रय को ______________ माना जाता है।

(1) प्रचालन क्रियाकलाप (2) वित्तीय क्रियाकलाप

(3) निवेश क्रियाकलाप (4) असाधारण मद

**19.** कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के घटक हैं :

(1) डेटा, रिपोर्ट, लेजर, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर

(2) डेटा, लोग, प्रक्रिया, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर

(3) लोग, प्रक्रिया, लेजर, डेटा, खातों का चार्ट

(4) डेटा, कोडिंग, प्रक्रिया, नियम, आउटपुट

**20.** बिक्री और प्राप्य लेखा उप-प्रणाली निम्नलिखित से संबंधित है :

(1) बिक्री का अभिलेखन, बिक्री खाता और प्राप्तियों का रखरखाव

(2) आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बजट तैयार करना

(3) लाभ और हानि खाता, तुलन-पत्र और रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करना

(4) क्रय तथा लेनदारों को भुगतान

**21.** तालिकाओं के बीच संबंध में उपयोग किए जाने वाले सामान्य क्षेत्रों को कहा जाता है :

(1) संयुक्त क्षेत्र (2) मुख्य क्षेत्र

(3) तालिका क्षेत्र (4) प्रमुख क्षेत्र

**22.** एक फर्म के विघटन पर, बैंक अधिविकर्ष को ______________ स्थानांतरित किया जाता है।

(1) बैंक खाते में (2) वसूली खाते में

(3) साझेदार के पूँजी खाते में (4) साझेदार के ऋण खाते में

**23.** कंपनी के जीवन के निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित करें :

(A) कारोबार की शुरुआत

(B) समामेलन

(C) प्रचार

(D) प्रवर्तन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A), (B), (C), (D) (2) (A), (C), (B), (D)

(3) (B), (A), (D), (C) (4) (C), (B), (D), (A)

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**24.** Arrange the following in the correct order :

(A) Subscribed Capital

(B) Issued Capital

(C) Authorised Capital

(D) Paid-up Capital

(E) Called-up Capital

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (C), (B), (A), (D), (E)
(2) (B), (C), (A), (D), (E)
(3) (C), (B), (A), (E), (D)
(4) (B), (C), (A), (E), (D)

**25.** The Deceased Partner's Capital Account includes the following amount/balances :

(A) Opening balance of his capital

(B) His share of profit/loss till the date of death

(C) His share of General Reserve

(D) His drawings till the date of death

(E) Amount paid to his executors

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B), (D) and (E) only

(2) (A), (B), (C) and (D) only

(3) (A), (B) and (C) only

(4) (A), (B), (C) and (E) only

**26.** Identify the correct sequence of the following steps involved in calculating cash flows from operating activities of a company :

(A) Operating profit before working capital changes

(B) Cash generated from operations

(C) Income tax paid

(D) Net cash flow from operating activities

(E) Goodwill amortised

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (E), (C), (D), (A), (B)
(2) (E), (A), (D), (B), (C)
(3) (E), (A), (B), (C), (D)
(4) (A), (B), (C), (D), (E)

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**24.** निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित करें :

(A) अभिदत्त पूँजी

(B) निर्गमित पूँजी

(C) अधिकृत पूँजी

(D) प्रदत्त पूँजी

(E) याचित पूँजी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (C), (B), (A), (D), (E)

(2) (B), (C), (A), (D), (E)

(3) (C), (B), (A), (E), (D)

(4) (B), (C), (A), (E), (D)

**25.** मृत साझेदार के पूँजी खाते में निम्नलिखित राशि/शेष को शामिल करते हैं :

(A) उसकी पूँजी का आरंभिक शेष

(B) मृत्यु की तिथि तक उसका लाभ/हानि का भाग

(C) सामान्य संचय में उसका भाग

(D) मृत्यु की तिथि तक उसका आहरण

(E) उसके उत्तराधिकारी को भुगतान की गई राशि

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B), (D) और (E)

(2) केवल (A), (B), (C) और (D)

(3) केवल (A), (B) और (C)

(4) केवल (A), (B), (C) और (E)

**26.** किसी कंपनी के प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना में शामिल निम्नलिखित चरणों के सही अनुक्रम की पहचान करें :

(A) कार्यशील पूँजी परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ

(B) प्रचालन से जनित रोकड़

(C) आयकर का भुगतान

(D) प्रचालन क्रियाकलापों से शुद्ध रोकड़ प्रवाह

(E) ख्याति का अपलेखन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (E), (C), (D), (A), (B)

(2) (E), (A), (D), (B), (C)

(3) (E), (A), (B), (C), (D)

(4) (A), (B), (C), (D), (E)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**Read the following information carefully and answer the next five questions :**

| Particulars | ₹ |
|---|---|
| Revenue from Operations | 8,75,000 |
| Creditors | 90,000 |
| Bills Receivable | 48,000 |
| Bills Payable | 52,000 |
| Purchases | 4,20,000 |
| Trade Debtors | 59,000 |

**27.** Calculate Trade Receivables Turnover Ratio.

(1) 8.18 times
(2) 8.23 : 1
(3) 8.18%
(4) 8.81 : 1

**28.** Calculate Average Collection Period.

(1) 30 days
(2) 60 days
(3) 45 days
(4) 15 days

**29.** Calculate Trade Payables Turnover Ratio.

(1) 29.6 times
(2) 2.96 times
(3) 29.6%
(4) 2.69 : 1

**30.** Calculate Average Payment Period.

(1) 123 days
(2) 121 days
(3) 132 days
(4) 133 days

**31.** Trade Receivables Turnover Ratio and Trade Payables Turnover Ratio are categorised as :

(1) Liquidity Ratio
(2) Solvency Ratio
(3) Activity Ratio
(4) Profitability Ratio

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**निम्नलिखित सूचना को ध्यान से पढ़ें और अगले पाँच प्रश्नों के उत्तर दें :**

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| परिचालन से आय | 8,75,000 |
| लेनदार | 90,000 |
| प्राप्य विपत्र | 48,000 |
| देय विपत्र | 52,000 |
| क्रय | 4,20,000 |
| व्यापारिक देनदार | 59,000 |

**27.** व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात की गणना करें।

(1) 8.18 गुना
(2) 8.23 : 1
(3) 8.18%
(4) 8.81 : 1

**28.** औसत संग्रह अवधि की गणना करें।

(1) 30 दिन
(2) 60 दिन
(3) 45 दिन
(4) 15 दिन

**29.** व्यापारिक देय आवर्त अनुपात की गणना करें।

(1) 29.6 गुना
(2) 2.96 गुना
(3) 29.6%
(4) 2.69 : 1

**30.** औसत भुगतान अवधि की गणना करें।

(1) 123 दिन
(2) 121 दिन
(3) 132 दिन
(4) 133 दिन

**31.** व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात और व्यापारिक देय आवर्त अनुपात को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है :

(1) द्रवता अनुपात
(2) ऋणशोधन क्षमता अनुपात
(3) सक्रियता अनुपात
(4) लाभप्रदता अनुपात

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**Read the following carefully and answer the next five questions :**

G, K and B were partners running a partnership for last 10 years, sharing profit and loss in the ratio of 5 : 3 : 2. Post Covid, their firm was affected badly and started incurring losses. On 31st March, 2023 they all decided to dissolve the firm due to continuous losses. Their capital balances were ₹ 4,00,000, ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. Firm had liabilities ₹ 80,000, Cash balance ₹ 40,000, other Sundry Assets ₹ 8,50,000 and P&L A/c constituted the rest. Assets realised at 80% and liabilities were paid in full. There was unrecorded liability of ₹ 50,000 which was settled at ₹ 40,000. Realisation expenses amounted to ₹ 30,000, being paid by G on behalf of the firm.

**32.** What is the mode of dissolution of the firm followed by G, K and B ?

(1) Dissolution by Agreement

(2) On the happening of certain contingencies

(3) Dissolution by Notice

(4) Compulsory Dissolution

**33.** Determine the amount of Profit and Loss Account.

(1) (Cr.) ₹ 90,000 (2) (Dr.) ₹ 90,000

(3) (Cr.) ₹ 1,30,000 (4) (Dr.) ₹ 1,30,000

**34.** Determine Gain/Loss on Realisation.

(1) Loss ₹ 2,40,000 (2) Gain ₹ 24,000

(3) Loss ₹ 1,70,000 (4) Loss ₹ 2,10,000

**35.** The entry for realisation expenses in above case study will be :

(1) Realisation A/c Dr.
  To Cash A/c

(2) Realisation A/c Dr.
  To G's Capital A/c

(3) G's Capital A/c Dr.
  To Realisation A/c

(4) Cash A/c Dr.
  To Realisation A/c

**36.** Existing Profit and Loss Account in the books of the firm will be shared/borne by partners in the ratio :

(1) 5 : 3 : 2 (2) Equal Ratio

(3) 4 : 3 : 2 (4) Ratio of closing capital claims

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**निम्नलिखित को ध्यान से पढ़ें और अगले पाँच प्रश्नों के उत्तर दें :**

G, K और B पिछले 10 वर्षों से साझेदारी चलाने वाले साझेदार थे, जो 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ तथा हानि का विभाजन कर रहे थे। कोविड के बाद, उनकी फर्म बुरी तरह प्रभावित हुई और उसमें नुकसान होना शुरू हो गया। 31 मार्च, 2023 को उन सभी ने निरंतर हानि के कारण फर्म का विघटन करने का फैसला किया। उनके पूँजी शेष क्रमशः ₹ 4,00,000; ₹ 3,00,000 और ₹ 2,00,000 थे। फर्म की देयताएँ ₹ 80,000, रोकड़ शेष ₹ 40,000, अन्य विविध परिसंपत्तियाँ ₹ 8,50,000 और शेष समस्त राशि लाभ तथा हानि खाते में थी। परिसंपत्तियों से 80 प्रतिशत प्राप्त हुआ और देयताओं का पूर्ण भुगतान किया गया। ₹ 50,000 की ग़ैर-अभिलिखित देयता थी जिसे ₹ 40,000 पर निपटाया गया। ₹ 30,000 के वसूली व्यय का भुगतान फर्म की ओर से G द्वारा किया गया।

**32.** G, K और B के द्वारा फर्म के विघटन की कौन-सी विधि का अनुसरण किया गया है ?

(1) समझौते द्वारा विघटन

(2) अनिश्चितता की स्थिति में

(3) सूचना द्वारा विघटन

(4) अनिवार्य विघटन

**33.** लाभ और हानि खाते की राशि निर्धारित करें।

(1) (जमा ) ₹ 90, 000
(2) (नामे) ₹ 90, 000
(3) (जमा ) ₹ 1,30,000
(4) (नामे) ₹ 1,30,000

**34.** वसूली पर लाभ/हानि का निर्धारण करें।

(1) हानि ₹ 2,40,000
(2) लाभ ₹ 24,000
(3) हानि ₹ 1,70,000
(4) हानि ₹ 2,10,000

**35.** उपर्युक्त दशा में वसूली व्ययों के लिए प्रविष्टि इस प्रकार होगी :

(1) वसूली खाता नामे
    रोकड़ खाते से

(2) वसूली खाता नामे
    G के पूँजी खाते से

(3) G का पूँजी खाता नामे
    वसूली खाते से

(4) रोकड़ खाता नामे
    वसूली खाते से

**36.** फर्म की पुस्तकों में विद्यमान लाभ व हानि खाते को साझेदारों द्वारा इस अनुपात में विभाजित/वहन किया जाएगा :

(1) 5 : 3 : 2
(2) समान अनुपात
(3) 4 : 3 : 2
(4) बंद होने वाले पूँजी दावों का अनुपात

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**37.** Libraries run by charitable trusts are an example of :

(1) Partnership
(2) Not for profit organisation
(3) Companies
(4) Cooperatives

**38.** The main source of revenue for 'not for profit' organisation is :

(1) Sale of goods
(2) Sale of periodicals
(3) Subscription from members
(4) Sale of assets

**39.** Match **List-I** with **List-II**.

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Share capital | (I) Will be called at the time of winding up |
| (B) Reserves and surplus | (II) Calls in advance |
| (C) Reserve capital | (III) Subscribed but not fully paid |
| (D) Current liabilities | (IV) Sinking fund |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)
(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**40.** Which of the following would affect the Revaluation Account at the time of reconstitution of a partnership firm ?

(1) Increase in assets
(2) Drawings against capital
(3) Interest on capital
(4) Parntner's salary

**41.** Identify the correct sequence to be followed while preparing of final account of a partnership firm :

(A) Profit and Loss Appropriation Account

(B) Profit and Loss Account

(C) Trading Account

(D) Balance Sheet

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (C), (B), (A), (D)
(2) (A), (C), (B), (D)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (C), (B), (D), (A)

**37.** धर्मार्थ न्यास द्वारा संचालित पुस्तकालय निम्नलिखित में से किसके उदाहरण हैं ?

(1) साझेदारी (2) ग़ैर-लाभकारी संगठन

(3) कंपनियाँ (4) सहकारी समितियाँ

**38.** 'ग़ैर-लाभकारी' संगठन के लिए राजस्व का मुख्य स्रोत है :

(1) माल का विक्रय (2) पत्रिकाओं की बिक्री

(3) सदस्यों से चंदा (4) परिसंपत्तियों की बिक्री

**39.** **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) अंश पूँजी | (I) समापन के समय याचित किया |
| (B) आरक्षित और अधिशेष | (II) अग्रिम याचना |
| (C) आरक्षित पूँजी | (III) अभिदत्त परन्तु पूर्ण प्रदत्त नहीं |
| (D) चालू देयताएँ | (IV) ऋणशोधन निधि |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**40.** निम्नलिखित में से कौन-सा साझेदारी फर्म के पुनर्गठन के समय पुनर्मूल्यांकन खाते को प्रभावित करेगा ?

(1) परिसंपत्तियों में वृद्धि (2) पूँजी से आहरण

(3) पूँजी पर ब्याज (4) साझेदार का वेतन

**41.** साझेदारी फर्म का अंतिम खाता तैयार करते समय अनुसरण किए जाने वाले सही अनुक्रम की पहचान करें :

(A) लाभ और हानि विनियोजन खाता

(B) लाभ और हानि खाता

(C) व्यापार खाता

(D) तुलनपत्र

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (C), (B), (A), (D) (2) (A), (C), (B), (D)

(3) (B), (A), (D), (C) (4) (C), (B), (D), (A)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**42.** Window dressing is a practice

(1) to manipulate the accounts to show a better picture of the financial position than the actual one.

(2) to show excesive depreciaton.

(3) to avoid tax.

(4) to reduce tax.

**43.** Match **List-I** with **List-II**.

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| (A) Salary to partner | (I) Credit side of Partner's Capital Account |
| (B) Interest on partner's loan | (II) Debit side of Partner's Current Accont |
| (C) Interest on partner's drawings | (III) Debit side of Profit and Loss Account |
| (D) Additional capital introduced | (IV) Credit side of Partner's Current Account |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**44.** Which of the following would affect the Revaluation Account at the time of admission of a partner ?

(A) Increase in assets

(B) Drawings against capital

(C) Recording of unrecorded assets

(D) Decrease in liabilities

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (C) only

(2) (A), (B) and (D) only

(3) (A), (C) and (D) only

(4) (B), (C) and (D) only

**42.** लीपापोती एक कार्य अभ्यास है

(1) वास्तविक स्थिति की तुलना में वित्तीय स्थिति की बेहतर तस्वीर दिखाने के लिए खातों में हेरफेर करना।

(2) अत्यधिक मूल्यह्रास दर्शाने के लिए।

(3) कर से बचने के लिए।

(4) कर कम करने के लिए।

**43.** **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए।

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) साझेदार का वेतन | (I) साझेदार के पूँजी खाते के जमा पक्ष |
| (B) साझेदार के ऋण पर ब्याज | (II) साझेदार के चालू खाते के नामे पक्ष |
| (C) साझेदार के आहरण पर ब्याज | (III) लाभ और हानि खाते के नामे पक्ष |
| (D) अतिरिक्त पूँजी लगाई | (IV) साझेदार के चालू खाते के जमा पक्ष |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा साझेदार के प्रवेश के समय पुनर्मूल्यांकन खाते को प्रभावित करेगा ?

(A) परिसंपत्तियों में वृद्धि

(B) पूँजी से आहरण

(C) ग़ैर-अभिलिखित परिसंपत्तियों का अभिलेखन

(D) देयताओं में कमी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (C)

(2) केवल (A), (B) और (D)

(3) केवल (A), (C) और (D)

(4) केवल (B), (C) और (D)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**45.** Match **List-I** with **List-II**.

| **List-I** **(Items of cash flow)** | **List-II** **(Type of activity)** |
|---|---|
| (A) Purchase of tangible assets | (I) Operating activity |
| (B) Issue of shares | (II) Cash and cash equivalents |
| (C) Increase in current assets | (III) Investing activity |
| (D) Marketable securities | (IV) Financing activity |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**46.** Which one of the following are correct in connection with the Common Size Statement ?

(A) Expressed as a percentage on revenue from operation

(B) Horizontal analysis

(C) Vertical analysis

(D) Expressed as a percentage on total assets

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (D) only

(2) (A), (B) and (C) only

(3) (A), (C) and (D) only

(4) (B), (C) and (D) only

**47.** Calculate the resulting cash flow and state the nature of cash flow from the following information :

Acquired machinery for ₹ 3,50,000 by issuing cheque.

(1) Investing activity and outflow ₹ 3,50,000

(2) Investing activity and inflow ₹ 3,50,000

(3) Investing activity and no flow

(4) Operating activity and outflow ₹ 3,50,000

**45.** **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए।

| **सूची-I (रोकड़ प्रवाह की मदें)** | **सूची-II (क्रियाकलाप का प्रकार)** |
|---|---|
| (A) मूर्त परिसंपत्तियों का क्रय | (I) प्रचालन क्रियाकलाप |
| (B) अंशों का निर्गमन | (II) रोकड़ और रोकड़ तुल्यांक |
| (C) चालू परिसंपत्तियों में वृद्धि | (III) निवेश क्रियाकलाप |
| (D) विपणन-योग्य प्रतिभूतियाँ | (IV) वित्तीय क्रियाकलाप |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**46.** निम्नलिखित में से कौन-से सामान्य आकार विवरण के संबंध में सही हैं ?

(A) संचालन से आय पर प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त

(B) क्षैतिज विश्लेषण

(C) लम्बवत विश्लेषण

(D) कुल परिसंपत्तियों पर प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (A), (B) और (C)

(3) केवल (A), (C) और (D)

(4) केवल (B), (C) और (D)

**47.** निम्नलिखित सूचना के आधार पर परिणामी रोकड़ प्रवाह की गणना करें और रोकड़ प्रवाह की प्रकृति बताइए :

₹ 3,50,000 का चेक निर्गमन करके प्राप्त की गई मशीनरी।

(1) निवेश क्रियाकलाप और ₹ 3,50,000 बहिर्वाह

(2) निवेश क्रियाकलाप और ₹ 3,50,000 अंतर्वाह

(3) निवेश क्रियाकलाप और कोई प्रवाह नहीं

(4) परिचालन क्रियाकलाप और ₹ 3,50,000 बहिर्वाह

**48.** Arrange the following in proper sequence while preparing Cash Flow Statement :

(A) Net cash flow from operating activities

(B) Cash flow from financing activities

(C) Cash flow from investing activities

(D) Calculate net profit before tax and extraordinary items in working note

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B), (C), (D)

(2) (D), (A), (C), (B)

(3) (B), (A), (D), (C)

(4) (C), (B), (D), (A)

**49.** The adjustment required for overvaluation of closing stock, while calculating adjusted profit for calculating goodwill is

(A) reduction from concerned year's profit.

(B) reduction from next year's profit.

(C) addition to next year's profit.

(D) addition to previous year's profit.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (D) only

(2) (A) and (C) only

(3) (A) and (D) only

(4) (B), (C) and (D) only

**50.** Oversubscription is a situation where the

(1) number of shares applied for is equal to the number of shares issued.

(2) number of shares applied for is more than the number of shares issued.

(3) number of shares applied for is less than the number of shares issued.

(4) face value of the share is less than the issue price of the share.

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**48.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय निम्नलिखित को उचित क्रम में व्यवस्थित करें :

(A) परिचालन क्रियाकलाप से शुद्ध रोकड़ प्रवाह

(B) वित्तीय क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह

(C) निवेश क्रियाकलाप से रोकड़ प्रवाह

(D) कार्यशील टिप्पण में असाधारण मदों और कर पूर्व शुद्ध लाभ की गणना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A), (B), (C), (D)

(2) (D), (A), (C), (B)

(3) (B), (A), (D), (C)

(4) (C), (B), (D), (A)

**49.** ख्याति की गणना के लिए समायोजित लाभ की गणना करते समय अंतिम रहतिया के अधिमूल्यांकन के लिए आवश्यक समायोजन है

(A) संबंधित वर्ष के लाभ में कटौती।

(B) अगले वर्ष के लाभ में कटौती।

(C) अगले वर्ष के लाभ में जोड़ना।

(D) पिछले वर्ष के लाभ में जोड़ना।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (A) और (C)

(3) केवल (A) और (D)

(4) केवल (B), (C) और (D)

**50.** अधि-अभिदान एक ऐसी स्थिति है, जहाँ

(1) आवेदित किए गए अंशों की संख्या निर्गमित किए गए अंशों की संख्या के बराबर है।

(2) आवेदित किए गए अंशों की संख्या निर्गमित किए गए अंशों की संख्या से अधिक है।

(3) आवेदित किए गए अंशों की संख्या निर्गमित किए गए अंशों की संख्या से कम है।

(4) अंश का अंकित मूल्य अंश के निर्गमन मूल्य से कम है।

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ़ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ़ कार्य के लिए जगह

***Read carefully the following instructions :***

8. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer Sheet blank. If any OMR Answer Sheet is found blank, it shall be crossed by the Invigilator with his/her signature, mentioning "Cancelled" on it.

9. Do not tear or fold any page of the Test Booklet and OMR Answer Sheet.

10. Candidates are advised to ensure that they fill the correct particulars on the OMR Answer Sheet, i.e., Application No., Roll No., Test Booklet No., Name, Mother's Name, Father's Name and Signature.

11. In case of any discrepancy in any question between English and Hindi/Regional language version, the English version will be considered as the final version for evaluation.

12. Rough work is to be done in the space provided for this purpose in the Test Booklet only.

13. The answers will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the OMR Answer Sheet invalid.

14. Candidates are advised not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener, etc., to smudge, scratch or damage in any manner the OMR Answer Sheet during examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Answer Sheet of candidates using Eraser, Nail, Blade or White Fluid/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner shall be cancelled.

15. There will be one copy of OMR Answer Sheet i.e., the Original Copy. After the examination is over, the candidate shall hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator. The candidate can take away the Test Booklet after the examination is over. If the candidate does not hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator and goes away with the OMR Answer Sheet, his/her candidature shall be cancelled and criminal proceedings shall also be initiated against him/her.

16. Candidates are advised strictly not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt or wear ornaments like ring, chain, ear-ring, etc., electronic or communication device, pen, pencil, eraser, sharpener and correction fluid to the Examination Centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter the examination centre. Possession of a mobile phone or any other aiding material as mentioned above by the candidate in the examination room will be treated as a serious violation and it may lead to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examinations.

17. If a candidate violates any instructions or shows any indiscipline or misbehaviour, appropriate action will be taken including cancellation of candidature and debarring from future examinations.

18. Use of electronic/manual calculator is **not** allowed.

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :***

8. किसी भी परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त छोड़ने की अनुमति नहीं है । यदि कोई ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त पाया जाता है, तो निरीक्षक उस ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को क्रॉस कर उस पर "रद्द" लिख कर अपने हस्ताक्षर कर देगा/देगी ।

9. परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें ।

10. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर बिलकुल सही-सही विवरण, अर्थात् आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षण पुस्तिका संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम और हस्ताक्षर भली-भांति भरा है ।

11. यदि किसी प्रश्न में, उसके अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा के भाषांतर में कोई विसंगति/अंतर है, तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम मानते हुए मूल्यांकन किया जाएगा ।

12. रफ कार्य परीक्षण पुस्तिका में ही, इसके लिए दिए गए निर्धारित स्थान में किया जाना है ।

13. उत्तरों का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा । अपूर्ण या ग़लत प्रविष्टियाँ ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को अमान्य कर सकती हैं ।

14. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक न मोड़ें, और न ही उस पर कोई अवांछित चिह्न बनाएँ । परीक्षा के दौरान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर इरेज़र, नाखून, ब्लेड, व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का प्रयोग करना, जिससे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति होती हो, सख़्त वर्जित है । इरेज़र, नाखून, ब्लेड या व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का इस्तेमाल कर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति पहुँचाने वाले परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता (कैंडीडेचर) और उनके ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जाएगा ।

15. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की एक प्रति, अर्थात् मूल प्रति ही होगी । परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को सौंप देंगे । परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं । यदि परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को नहीं सौंपता है और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक भी अपने साथ ले कर चला जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी जाएगी ।

16. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केन्द्र में अपने साथ रूमाल, कोई मोबाइल फ़ोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट या शरीर पर धारण की हुई अंगूठी, चेन, कोई कर्ण-आभूषण आदि, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड बिलकुल न लेकर जाएँ । यदि किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी । परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पास उपर्युक्त मोबाइल फ़ोन या ऐसी कोई सहायक वस्तु मिलने पर इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिससे उस परीक्षार्थी की अभ्यर्थिता रद्द करने के साथ-साथ उसे भावी परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है ।

17. यदि परीक्षार्थी अनुदेशों का पालन नहीं करता है, या किसी प्रकार का कदाचार या अनुशासन-हीनता प्रदर्शित करता है, तो उपयुक्त कार्रवाई, जिसमें अभ्यर्थिता का निरसन और भावी परीक्षाओं से विवर्जित करना शामिल है, की जाएगी ।

18. इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है ।